कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्याः एम0ई0–3/2016/ दिनांक 09.9.2016

नीट यू0पी0 2016 की विस्तारित प्रथम चक्र की काउंसिलिंग की संशोधित समय सारिणी

नीट यू0पी0 2016 की प्रथम चक्र की काउंसिलिंग में निजी क्षेत्र के मेडिकल तथा डेण्टल कालेजों में दिनांक 08 सितम्बर 2016 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक यू0पी0 स्टेट रैंक–4124 तक के अभ्यर्थियों की आवंटन प्रक्रिया सम्पन्न करते हुए शासनादेश संख्या–3688(ए)/71–2–2016/81/2016 दिनांक 08 सितम्बर 2016 में निहित व्यवस्थानुसार समस्त निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों की अवशेष समस्त सीटों पर आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करने के दृष्टिगत दिनांक 13 सितम्बर 2016 से 15 सितम्बर 2016 तक विस्तारित प्रथम चक्र की काउंसिलिंग आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

दिनांक 13 सितम्बर 2016 को शासकीय अवकाश घोषित किये जाने के दृष्टिगत प्रस्तावित नीट यू0पी0 2016 की विस्तारित प्रथम चक्र की काउंसिलिंग दिनांक 14 सितम्बर 2016 से 16 सितम्बर 2016 तक निम्नलिखित समय सारिणी के अनुसार काउंसिलिंग केन्द्रों एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ तथा मेडिकल कालेज, कानपुर, इलाहाबाद, मेरठ के टेलीमेडिसिन सेन्टरों पर आयोजित की जायेगी।

(प्रदेश के निजी क्षेत्र के मेडिकल तथा डेण्टल कालेजों की अवशेष सीटों हेतु)

क्र0सं0	आमंत्रित अभ्यर्थियों की यू0पी0 स्टेट रैंक	काउंसिलिंग की तिथि
1	यू0पी0 स्टेट रैंक 4125 से 10000 तक के अभ्यर्थी	दिनांक 14.9.2016 (दिन बुधवार)
2	यू0पी0 स्टेट रैंक 10001 से 18000 तक के अभ्यर्थी	दिनांक 15.9.2016 (दिन गुरूवार)
3	यू0पी0 स्टेट रैंक 18001 से सभी अर्ह अभ्यर्थी	दिनांक 16.9.2016 (दिन शुक्रवार)

काउंसिलिंग हेतु अर्हताओं सम्बन्धी विवरण तथा अन्य सूचनायें इस कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–3/2016/2424 दिनांक 01 सितम्बर 2016 के अनुसार होंगी। अद्यावधिक सूचना हेतु कृपया वेबसाईट का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक